- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों के वीज़ा को लेकर जारी गाइडलाइन की राज्य में सख्ती से पालना के निर्देश दिये।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा–विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में प्रदेशवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण।**
- **राज्य में पश्चिम विक्षोभ के असर से आज जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में हल्की बारिश की संभावना।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित हो रहा है। इससे युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान का सार्थक अवसर मिलेगा। देशभर से चयनित ये कर्मचारी कार्मिक और लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय और श्रम तथा रोजगार मंत्रालय, राजस्व विभाग, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम करेंगे।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने पाकिस्तान के साथ 1960 का सिंधु जल समझौता रोके जाने के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान तक न पहुंचे। श्री पाटिल कल नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के बाद ये समझौता रोके जाने के सिलसिले में आगे की कार्रवाई पर विचार–विमर्श हुआ।

000

केन्द्र सरकार की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को लेकर जारी की गई गाइडलाइन की राज्य में तुरंत और सख्ती से पालना करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत के बाद ये निर्देश दिये। और ब्यौरा समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी माधुरी वशिष्ठ से –

..............

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। आज चूरू में सामाजिक संगठनों की ओर बाजार बंद रखा जाएगा। बाड़मेर के धनाउ, सेड़वा और गुड़ामालानी सहित कई इलाकों में मुस्लिम समुदाय की ओर से काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। पोकरण में सर्व समाज की ओर से आक्रोश रैली निकाली गई वहीं राजसमंद में मशाल जुलूस निकाला गया। हनुमानगढ में कल बाजार बंद रहे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में प्रदेशवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर विकसित राजस्थान–2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तैयार विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत–2047' की तर्ज़ पर विकसित राजस्थान–2047 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। इसकी प्रगति और निगरानी के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी गठित की गई है। इसके लिए 45 प्रमुख विभागों को 14 सेक्टर्स में बांटा गया है। सभी विभागों के समन्वय से तैयार विजन डॉक्यूमेंट पर नीति आयोग से सुझाव मिलने के बाद यह दस्तावेज तैयार किया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी

समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

000

आकाशवाणी ने इंडिया ऑडियो समिट एंड अवाड्र्स 2025 में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह पुरस्कार जीते हैं। कल मुंबई में आयोजित एक समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कार्यक्रम 'नई सोच नई कहानी – अ रेडियो जर्नी विथ स्मृति ईरानी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला का पुरस्कार मिला है। समाचार सेवा प्रभाग के लोकप्रिय साप्ताहिक फोन–इन शो **पब्लिक स्पीक** को स्वास्थ्य और फिटनेस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ऑडियो स्ट्रीमिंग कार्यक्रम के रूप में पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही **छायागीत, उजाले उनकी यादों के** और **सफरकास्ट** को भी पुरस्कार मिला है।

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसेवा प्रसारक के रूप में आकाशवाणी जन हित को बनाए रखते हुए उन्हें 'सूचित, शिक्षित और मनोरंजन' करने के मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है और एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करता है।

000

राज्य में पश्चिम विक्षोभ के असर से आज जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। इसके साथ ही तेज हवाएं चलने की संभावना है। राजधानी जयपुर और चूरू में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। नागौर में कल रात आंधी चली और बूंदाबांदी हुई। इस बीच, राज्य में तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। कल 25 शहरों का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस के साथ पिलानी सबसे गर्म स्थान रहा। हमारे झुंझुनूं संवाददाता ने बताया कि लोग गर्मी से बचने के लिए विभिन्न उपाय कर रहे हैं।

...............

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में गर्मी से मामूली राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी हवाएं चलने और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही तापमान में कमी के आसार हैं।

000